

दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो. 9653906665

अंक 02/73 | जयपुर | 02 अप्रैल /2025 | बुधवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04


# पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास की हालत नाजुक

## 90 फीसदी झुलसी, डॉक्टर बोले- ब्रेन हेमरेज भी हुआ; भाई ने कहा- सिर्फ आईसीयू में भर्ती

**उदयपुर।** कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास की हालत नाजुक बनी हुई है। गणगौर पूजन के दौरान वह 90 प्रतिशत झुलस गई। डॉक्टर ने कहा- ब्रेन हेमरेज भी हुआ। फिलहाल उन्हें अहमदाबाद के जाइडस अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है।

हॉस्पिटल के बर्न स्पेशलिस्ट डॉ. गिरीश अमलानी ने स्थिति गंभीर बताते हुए कहा कि व्यास 90त्न झुलसी है। गिरने से सिर में चोट लगने के कारण ब्रेन हेमरेज भी हुआ है। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है और गंभीर स्थिति के कारण अभी सर्जरी भी संभव नहीं है।

गिरिजा व्यास के भाई गोपाल शर्मा ने ब्रेन हेमरेज और वेंटिलेटर की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा- दीदी सिर्फ आईसीयू में भर्ती है। हमारे लिए वो मां-बाप सब कुछ है, बस उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं



ने भी गिरिजा व्यास की सेहत को लेकर उनके परिवार से बात की है और जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

### भाई बोले- दीदी ही हमारी मां-बाप

गिरिजा व्यास के स्वास्थ्य के बारे में पूछने पर उनके भाई गोपाल शर्मा ने बताया- दीदी जल्द ठीक हो जाएं, हम तो यही कामना करते हैं। दीदी ही हमारी मां-बाप है। माता-पिता के निधन के बाद उन्होंने ही हमें संभाला है। शर्मा ने बताया कि दीदी के के जल चढ़ाने का नियमित क्रम है और इसके बाद ही मैं घर से बाहर जाता हूं।

सोमवार को संयोग ऐसा था कि मैं कोई काम आने से निकल गया और पीछे से यह सूचना आई। सबकी दुआओं से दीदी जल्दी ठीक हो जाए। घटनाक्रम को बताते हुए शर्मा ने कहा- कल उन्हें अमेरिकन हॉस्पिटल से अहमदाबाद के जाइडस अस्पताल ले गए थे। जहां पर उनका इलाज जारी है।

### गिरिजा व्यास कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रहीं

डॉ. गिरिजा व्यास वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैं। वे केंद्र और राज्य में बड़े पदों पर रह चुकी हैं। वे राज्य और केंद्र सरकार में मंत्री रहने के अलावा कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रह चुकी हैं। दो बार राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। 1985 से 1990 तक विधायक और राजस्थान सरकार में पर्यटन राज्य मंत्री रहीं। गिरिजा व्यास साल 1991 में पहली बार सांसद बनीं। वे उदयपुर से तीन बार सांसद रहीं। 1996 और 1999 में उदयपुर से कांग्रेस के टिकट पर सांसद का चुनाव जीतीं। 2009 में चित्तौड़गढ़ से लोकसभा चुनाव जीतीं। वे कांग्रेस की मीडिया प्रभारी, विचार विभाग की प्रमुख रहने के अलावा कांग्रेस के मुखपत्र कांग्रेस संदेश की एडिटर इन चीफ भी रह चुकी हैं।

# नोएडा के अट्टा मार्केट में लगी भीषण आग, दफ्तर और शोरूम के शीशे तोड़कर भागे लोग

**नई दिल्ली**

दिल्ली से सटे एनसीआर के नोएडा में मंगलवार को भीषण आग लग गई। घटना नोएडा के सेक्टर 18 स्थित अट्टा मार्केट के कृष्णा प्लाजा शॉपिंग कॉम्पलेक्स की है। यहां मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही पूरे कॉम्पलेक्स में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए खिड़कियों और बालकनियों से कूदने तक लगे। इमारत के अंदर फंसे करीब 50 लोगों को फायर ब्रिगेड की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। कृष्णा प्लाजा में कई कंपनियों के दफ्तर और शोरूम हैं। जो घटना के समय खुले थे। आग लगने के कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। फायर ब्रिगेड फिलहाल शॉर्ट सर्किट को वजह मान रहा है।

### नोएडा के थाना सेक्टर 20 की घटना

घटना नोएडा के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र की है। यहां अट्टा मार्केट नोएडा का सबसे भीड़-भाड़ वाला इलाकों में से एक है। आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर पर सीढ़ियों के पास देखी गई और कुछ ही पलों में इमारत के ऊपरी हिस्सों तक फैल गई। ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद लोग समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन ऊपरी मंजिलों पर मौजूद दर्जनों लोग आग और धुएं में फंस गए थे। मौके पर पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और तेजी से राहत कार्य शुरू किया।

### भीषण आग देखकर शॉपिंग कॉम्पलेक्स में मची भगदड़

नोएडा सेक्टर 18 के अट्टा मार्केट स्थित कृष्णा प्लाज़ा में मंगलवार को लगी भीषण आग ने लोगों को दहला दिया। देखते ही देखते आग ने पूरे कॉम्पलेक्स को अपनी चपेट में ले लिया। धुएं से पूरा माहौल घुटन भरा हो गया, जिससे कई लोगों का दम घुटने लगा। जान बचाने के लिए लोगों ने शोरूम और ऑफिस के शीशे तोड़ दिए। जिससे थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन हालात बेहद खतरनाक बने रहे। कुछ लोग तो जान बचाने के लिए



इमारत से कूद गए। जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने 50 लोगों को बचाया

इसी दौरान फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। दमकलकर्मियों ने भी शीशे तोड़े ताकि अंदर फंसे लोगों को ताज़ी हवा मिल सके और दम घुटने से रोका जा सके। सीढ़ियों और हाइड्रोलिक उपकरणों की मदद से करीब 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मौके पर एम्बुलेंस और पुलिस बल को भी बुलाया गया। कई लोगों को एहतियातन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने की वजह अब तक साफ नहीं हो सकी है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।सोशल मीडिया पर इस हादसे के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें लोग बिल्डिंग की खिड़कियों से मदद की गुहार लगाते दिख रहे हैं। आग के बाद बाजार में भारी भीड़ जमा हो गई। आसपास की इमारतों को भी एहतियातन खाली करा लिया गया। आग पर काबू पाने के बाद काफी देर तक कूलिंग ऑपरेशन चलता रहा। फिलहाल पूरी इमारत को सील कर दिया गया है और आवाजाही बंद कर दी गई है।

# राजस्थान में एलपीजी की कीमतें हुई कम:कॉमर्शियल उपयोग का सिलेंडर 40.50 रुपए हुआ सस्ता

**जयपुर।**

राजस्थान में तेल-गैस कंपनियों ने आज एलपीजी की कीमतों का रिव्यू करने के बाद कॉमर्शियल उपयोग के गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। कंपनियों ने आज से कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर पर 40.50 रुपए कम किए है। वहीं घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया है। इस साल में तीसरा मौका है जब कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कमी की है।

राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया- कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट में आज से राजस्थान में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 40.50 रुपए कम किए गए। इसके बाद आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में 1830.50 रुपए की जगह 1790 रुपए में मिलेगा। इससे पहले कंपनियों ने मार्च में गैस की कीमतों में 6 रुपए की बढ़ोतरी की थी। वहीं, जनवरी में 14.50 रुपए और फरवरी में 6 रुपए की कटौती की थी।

कंपनियों ने घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वर्तमान में बाजार में घरेलू उपयोग का सिलेंडर 806.50 रुपए में ही मिलेगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से बीपीएल और उज्जवला कनेक्शधारियों को रियायती दर पर 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## प्रचंड गर्मी के लिए हो जाइए तैयार

# अप्रैल से जून के बीच सूरज बरसाएगा अंगार

**एजेंसी | लखनऊ**

भारत के कई राज्यों में गर्मी पड़नी शुरू हो चुकी है। इस बीच भारतीय मौसम विभाग ने अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी की संभावना जताई है।आईएमडी ने सोमवार को कहा कि भारत में अप्रैल से जून तक सामान्य से अधिक तापमान रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही मध्य और पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में अधिक हीटवेव रहेगी। पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ इलाकों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने एक



ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहेगा। उन्होंने कहा, ÷अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से दो से चार अधिक हीटवेव वाले दिन रहने की उम्मीद है।÷ आमतौर पर भारत में अप्रैल से जून तक चार से सात हीटवेव वाले दिन दर्ज किए जाते हैं।

# यूक्रेन कभी नाटो का सदस्य नहीं बनने वाला: डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर खनिज समझौते और नाटो सदस्यता को लेकर यूक्रेन के इरादे जाहिर किए। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समझौते से पीछे हटने की कोशिश करते हैं तो उनको बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन कभी नाटो का सदस्य बनने वाला नहीं है। यूक्रेन के समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने के पीछे नाटो सदस्यता पाने की मंशा को ट्रंप ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की एक सौदा करना चाहते हैं।

# बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को मिटाना जारी

## मुक्ति युद्ध के भित्तिचित्र को किया गया ध्वस्त

**ढाका, एजेंसी**



बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में मुक्ति संग्राम स्मारक मंच के भित्ति चित्र को स्थानीय अधिकारियों के निर्देश पर ध्वस्त कर दिया गया। कुछ दिनों पहले देश के स्वतंत्रता दिवस पर इसे कपड़े से ढंक दिया गया था। वहीं, रविवार सुबह से शाम तक मजदूरों ने भित्ति चित्र को ध्वस्त किया। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए मजदूरों ने बताया कि वे लालमोनिरहाट के डिप्टी कमिश्नर के निर्देश पर भित्ति चित्र को ध्वस्त कर रहे थे। भित्तिचित्र में 1950 के दशक के भाषा आंदोलन की पृष्ठभूमि, 7 मार्च का ऐतिहासिक भाषण, स्वतंत्रता संग्राम, मुजीबनगर सरकार का गठन, स्वतंत्र भूमि पर नए सूर्य का उदय, पाकिस्तान द्वारा 1971 का नरसंहार, विजय की खुशी में झूमते वीर स्वतंत्रता सेनानी, सात महान नायक, पाकिस्तानी सेना का आत्मसमर्पण, राष्ट्रीय ध्वज थामे उत्साही भीड़ और कई अन्य ऐतिहासिक क्षणों को दर्शाया गया था।

# वित्त मंत्री 1 अप्रैल को राज्य आर्थिक मंच पोर्टल का करेंगी शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को ''नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच'' पोर्टल का शुभारंभ करेंगी। इस पोर्टल पर 2022-23 तक के (पिछले तीन दशकों) राज्यों के सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों से जुड़े आंकड़े उपलब्ध होंगे। नीति आयोग की राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) के सहयोग से विकसित यह पोर्टल, राज्यों की पांच श्रेणियों- जनसांख्यिकी; आर्थिक संरचना; राजकोषीय; स्वास्थ्य और शिक्षा- से जुड़े डाटाबेस तक लोगों को सीधी पहुंच प्रदान करेगी। नीति आयोग ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा, यह पोर्टल 28 भारतीय राज्यों के वृहद और राजकोषीय परिदृश्य की जानकारी भी उपलब्ध कराएगा। ये आंकड़े जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, सामाजिक-आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों पर आधारित होगा।

# कानपुर में भीषण हादसा मां-बेटी समेत तीन की मौत

## चार लोग ओवरलोड डंपर से टकराए

**एजेंसी | कानपुर देहात**

एक बाइक पर सवार चार लोग अनियंत्रित होकर ओवरलोड डंपर से जा टकराए और मां बेटी समेत तीन की जान चली गई। वहीं, एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया और उसको कानपुर रेफर किया गया है। महिला अपनी बेटी संग मायके में चचेरे भाई के दिवंगत होने पर आई थी और वापसी में रूरा स्टेशन जाने के दौरान यह हादसा हो गया। एसपी, सीओ व थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचे और बाधित हुए यातायात को सुचारू कराया। वहीं, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर दुखी परिवार



को सांत्वना दी। रूरा मड़ौली गांव के मजरा दौलतपुर गांव में तीन दिन पूर्व सुखवीर सिंह उर्फ तिलक सिंह का निधन हो गया था। इस पर उनकी कन्नौज बिहारीपुर निवासी 36 वर्षीय चचेरी बहन आदर्शशिला उर्फ लल्ली अपनी 12 वर्षीय पुत्री जाह्नवी के साथ रविवार को शोक जताने के लिए आई थी। दोनों इस समय नोएडा में किराए पर रह रहीं।

# लाखों युवा एके 47 वाले टैटू क्यों मिटवा रहे हैं?

## 4 साल में जम्मू कश्मीर में ऐसा क्या हो गया

**एजेंसी | श्रीनगर**

श्रीनगर में टैटू हटाने वाले कलाकार बासित बशीर ने लड़के और लड़कियों दोनों के शरीर से एक लाख से ज़्यादा टैटू हटाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने जो टैटू हटाए हैं, उनमें से ज़्यादातर एके-47 राइफल के थे। श्रीनगर में टैटू हटाने वाले क्लीनिक इन दिनों युवाओं के लिए एक केंद्र बन गए हैं। हर दिन सैकड़ों युवा अपने टैटू हटवाने के लिए क्लीनिक में आते हैं। टैटू हटाने वाले कलाकार का कहना है कि इनमें से ज़्यादातर युवा या तो राइफल टैटू बनवाने से डरते हैं। आतंकवाद के खिलाफ सेना



और सरकार की सख्ती का असर ये कि घाटी की फिजा बदल रही है। बंदूक और डर के साये में जीनेवाले जम्मू कश्मीर के लोग अब खुली हवाओं में सांस ले रहे हैं। बदलाव का असर ये कि युवा जो अपने शरीर पर एके-47 का टैटू था। उस टैटू को मिटवा रहे हैं। लाखों युवा ऐसे हैं जिन्होंने अपने शरीर से ऐसे टूटी को हटवा लिया है। श्रीनगर में टैटू हटाने वाले कलाकार बासित बशीर ने लड़के और लड़कियों दोनों के शरीर से एक लाख से ज़्यादा टैटू हटाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने जो टैटू हटाए हैं, उनमें से ज़्यादातर एके-47 राइफल के थे। श्रीनगर में टैटू हटाने वाले क्लीनिक इन दिनों युवाओं के लिए एक केंद्र बन गए हैं। हर दिन सैकड़ों युवा अपने टैटू हटवाने के लिए क्लीनिक में आते हैं। टैटू हटाने वाले कलाकार का कहना है कि इनमें से ज़्यादातर युवा या तो राइफल टैटू बनवाने से डरते हैं। कश्मीर घाटी में हथियार और गोला-बारूद के टैटू वाले लोग अक्सर सुरक्षा बलों की नज़र में आ जाते हैं, जो इन टैटू को हटाने के मुख्य कारणों में से एक है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा पर हुआ अमल

# प्रदेश के 19 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आज से बंद हो जाएंगी शराब की दुकानें

**एजेंसी | भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों एवं ग्राम पंचायतों में की गई शराब बंदी की घोषणा पर एक अप्रैल 2025 से अमल शुरू हो जायेगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा को 24 जनवरी 2025 को लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में हुई केबिनेट ने मंजूरी दी थी। निर्णय अनुसार उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मण्डला, मुलताई, मंदसौर और अमरकंटक की सम्पूर्ण नगरीय सीमा में एवं सलकनपुर, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमानकलां, बरमानखुर्द और लिंगा की



ग्राम पंचायत सीमा में समस्त मदिरा दुकानों एवं बार को बंद किया जाएगा। प्रदेश के इन 19 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को पूर्णतः पवित्र घोषित करते हुए एक अप्रैल 2025 से पूर्ण शराब बंदी कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशामुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया।

# जोधपुर जेल में आसाराम ने सरेंडर किया

## पैर पर प्लास्टर बांधकर पहुंचा; अंतरिम जमानत खत्म; जमानत बढ़ाने की याचिका पर कल होगी सुनवाई


### जोधपुर से सुमेरपुर, कलोल, मेहसाणा होते हुए पहुंचा था अहमदाबाद

**जोधपुर।**

नाबालिग से रेप करने वाला आसाराम ने जोधपुर जेल में सरेंडर कर दिया है। पैर में प्लास्टर बांधकर पहुंचे आसाराम की अंतरिम जमानत 31 मार्च को समाप्त हो गई है। आसाराम के वकील ने जमानत अवधि बढ़ाने के लिए याचिका दाखिल की है, जिस पर कोर्ट 2 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

कोर्ट में 29 से 31 मार्च तक छुट्?टी के बाद मंगलवार को आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने सुनवाई का आग्रह किया था। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद आसाराम को 3 महीने की अंतरिम जमानत दी गई है।

राजस्थान हाईकोर्ट के वकील दिनेश जैन ने बताया-



आसाराम की ओर से अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने के आवेदन पर बुधवार को सुनवाई होगी। यदि कोर्ट अंतरिम जमानत की अवधि नहीं बढ़ाती है तो आसाराम को जेल में ही रहना होगा। जब तक दोनों ही मामलों में उसे राहत नहीं मिलती है, तब तक वह जेल से बाहर नहीं आ सकेगा।

### गुजरात हाईकोर्ट ने दी 3 महीने की जमानत, 2 पॉइंट में समझें पूरा मामला.

लंबित है एक्सटेंशन एप्लिकेशन- आसाराम की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट में पहले एक याचिका नियमित जमानत के लिए लगाई गई थी। उसमें राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आने पर याचिका को वापस ले लिया गया था। इसके बाद एक अन्य याचिका अंतरिम जमानत बढ़ाने को लेकर दायर की गई थी। राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम को पहले गुजरात हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को कहा गया। जोधपुर में पेश याचिका पर 27 मार्च को सुनवाई होनी थी, लेकिन तब तक गुजरात हाईकोर्ट का फैसला नहीं आया था। इसके चलते यह याचिका लंबित रखी गई है।

गुजरात हाईकोर्ट के फैसले में 2 जजों की हां, एक की ना- गुजरात में 25 मार्च को सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 28 मार्च को फैसला सुनाया गया, लेकिन दो जजों की बेंच में एक जज की हां और दूसरे की ना के चलते अनिर्णय की स्थिति बन गई। तब गुजरात हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने प्रकरण एक अन्य जज को ट्रांसफर किया। तीसरे जज की आसाराम को अंतरिम जमानत देने के निर्णय पर दो-एक के निर्णयानुसार आसाराम के पक्ष में फैसला हुआ।

**जोधपुर कोर्ट:** जोधपुर के मणई आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम को जोधपुर पुलिस ने इंदौर के आश्रम से 2 सितंबर 2013 को गिरफ्तार किया था। 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

**गांधीनगर कोर्ट:** आसाराम के खिलाफ गुजरात के गांधीनगर में आश्रम की एक महिला ने रेप का मामला दर्ज करवाया था। कोर्ट ने 31 जनवरी 2023 को इस मामले में आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### अंतरिम जमानत पर आसाराम का सफर...

आसाराम को जोधपुर केस में पिछले 14 जनवरी को 31 मार्च तक की अंतरिम जमानत मिली थी। आदेश के दिन ही रात वह जोधपुर के पाल गांव स्थित आश्रम पहुंचा। वहां 9 दिन तक रहने के बाद आसाराम अहमदाबाद के लिए रवाना हुआ। रास्ते में वह सुमेरपुर, गुजरात के कलोल, मेहसाणा, मोटेरा आश्रमों में भी रुका। तत्पश्चात अहमदाबाद आश्रम पहुंचा था।

जानकारी के अनुसार आसाराम कई दिन तक गुजरात के अलग-अलग आश्रम होते हुए 12 साल बाद उसी इंदौरा

# कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोले जाने की मांग को लेकर वकीलों की हड़ताल जारी

## जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में 47 वें दिन क्रमिक अनशन पर बैठे अधिवक्ता, जमकर की नारेबाजी

### अधिवक्ताओं ने कहा :- कोटपूतली में डीजे कोर्ट खुलवाने के लिये हरसम्भव संघर्ष किया जायेगा

मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय न्यायालय परिसर में मंगलवार को भी बदस्तुर जारी रहा। उल्लेखनीय है कि जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ता विगत 47 दिनों से निरन्तर आन्दोलनरत है। वहीं विगत 29 दिनों से अधिवक्ताओं की क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। इस दौरान संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में रूपेश सेहरा, निरंजन कुमावत, विकास मीणा, हेमन्त शर्मा, ओमप्रकाश सैनी तृतीय आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। धरने को सम्बोधित करते हुये अधिवक्ताओं ने कहा कि कोटपूतली में डीजे कोर्ट खुलवाने के लिये हरसम्भव संघर्ष किया जायेगा। वहीं दुसरी ओर जिला अभिभाषक संघ द्वारा आन्दोलन को गति देते हुये राजधानी जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास तक पैदल मार्च निकालने की तैयारी की जा रही है। इस बाबत जिला अभिभाषक संघ द्वारा कोटपूतली समेत बानसूर, विराटनगर, पावटा व




नारायणपुर के अभिभाषक संघ के साथ योजना बनाई जा रही है। साथ ही पद यात्रा में शामिल होने वाले अधिवक्ताओं समेत डीडराईटर, स्टॉम्प वेंडर्स आदि से आगामी 03 अप्रैल तक नाम मांगे गये है। ताकि पद यात्रा की तैयारियां की जा सकें। इस बाबत अधिकृत कार्यक्रम आने वाले दिनों में जारी किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि विगत लगभग डेढ़ माह से अधिक समय से जारी हड़ताल के कारण यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में हजारों मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है। पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है। साथ ही विराटनगर, बानसूर, नारायणपुर व पावटा के न्यायालयो में भी कार्य बहिष्कार जारी रहने से मुकदमों का अम्बार लग गया है। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी




किया। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर का कहना है कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट नहीं खुल जाता, तब तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल भी रखी जायेगी। इस दौरान समस्त सैशन, सिविल व रेवन्यू कोर्ट में पेन डाउन हड़ताल के साथ-साथ न्यायिक कार्यो का बहिष्कार रहेगा। साथ ही एसडीएम, तहसील न्यायालय व सब रजिस्ट्रार कार्यालय में भी हड़ताल रखी जायेगी एवं समस्त स्टाम्प वेंडर, डीडराईटर भी हड़ताल में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ताओं का आन्दोलन अब जोर पकड़ चुका है। आने वाले दिनों में हड़ताल के और भी बढने की सम्भावना है। इस दौरान उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, सचिव हेमंत शर्मा, प्रवक्ता मुकेश यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता रीछपाल सिंह चौधरी, अशोक कुमार सैनी, सागरमल शर्मा, जितेन्द्र रावत, के के शर्मा, हरिराम यादव, जयसिंह शेखावत, रामकिशन शर्मा, प्रेमप्रकाश शर्मा, हरिराम यादव, राजेन्द्र चौधरी, अमरसिंह पूनिया, चेतराम रावत, मनोज भूषण, बदलूराम, ओमप्रकाश सैनी द्वितीय, नीशू सैनी, भूवनेश यादव, सतीश हाडिया, अशोक आर्य, विश्वेन्द्र सिंह, संजय यादव, ईस्माइल खान, ओमप्रकाश सैनी, पुष्कर शर्मा, नवीन मीणा, विकास मीणा, मुकेश यादव, सुरेश चंद मीणा, रामचन्द्र यादव, मधुसुधन अग्रवाल, आशीष जोशी, ज्योति शर्मा, डिप्टी चौधरी, योगेश सैनी, सुभाष चंद गुर्जर, राजाराम रावत, पीके जोशी, रामकिशन शर्मा, सुबेसिंह मोरोडिया, भोजराज यादव, निरंजन कुमावत, हितेश यादव, इन्द्र बावता, रविन्द्र यादव, अमरसिंह यादव, विजय सैनी, धर्मवीर, बहादुर मीणा, सुशील यादव, सतीश सैनी, अंकित स्वामी, अनिल आर्य, शंकरलाल सैनी, नवीन जैफ, अशोक गुप्ता, अमित शर्मा, सुरेश सैनी, मनोज चौधरी, विकास जांगल, रवि शर्मा, विवेक त्यागी, पंकज शर्मा, हितेश, शिवकुमार शर्मा, किशन लाल, सुरेश सैनी, राजाराम रावत, ओमप्रकाश सैनी तृतीय, लालचन्द यादव, सुखमोहन चौहान, महेन्द्र शर्मा, राजेश सैनी, सुरेश गुर्जर, मनीष मुक्कड़, राहुल शर्मा, सुरेश चंद गुर्जर, कैलाश चंद गुर्जर, मनोज कुमार खाण्डा, विक्रम सिंह कसाना, कुलदीप बांयला, नीरज नैनावत, अजय सिंह, सतीश सैनी, अजीत सिंह, प्रदीप आर्य, नरेश यादव, रामकृष्ण, अनिल मीणा, महेश मीणा, रमेश वर्मा, राजकुमार मण्डोवरा, अशोक आर्य, अनिल आर्य, हुकम सिंह, सुरेश मीणा समेत बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## रॉन्ग साइड से आए ट्रैक्टर ने पिता-पुत्र को टक्कर मारी




अजमेर

अजमेर के क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से 15 साल का बच्चा उछल कर गिर गया। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। पिता ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ क्रिश्चियनगंज थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार पंचशील रोड हनुमान नगर निवासी हरदयाल सिंह ने मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित ने शिकायत देकर बताया कि वह और उसका पुत्र मानवेंद्र(15) अपने घर जा रहे थे। तभी रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रैक्टर ने तेज गति से चलाते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। पिता ने पुलिस को बताया की टक्कर लगने के बाद उसका पुत्र मानवेंद्र उछलकर गिर गया। जिसे गंभीर चोट आई थी। तुरंत उसे प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां से उसे जयपुर रेफर कर दिया। जयपुर से वापस अजमेर रेफर किया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता की रिपोर्ट पर क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस जांच में जुटी है।

## करौली में कुएं में डूबने से बच्चे की मौत, रविवार से था लापता



करौली

करौली के मासलपुर गेट के पास बागुर में एक कुएं में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान ढोली का हार निवासी जुनैद बेग पुत्र फीक बेग के रूप में हुई। सोमवार सुबह पौने 7 बजे सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम को कुएं में बच्चे के गिरने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सिविल डिफेंस की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। सिविल डिफेंस टीम इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में टीम ने कुएं में उतरकर बचाव अभियान शुरू किया। करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद बच्चे के शव को बाहर निकाला गया। शव को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया कि जुनैद रविवार से घर से लापता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बचाव कार्य में सिविल डिफेंस के राम अवतार, जयदेव, फरमान, भूपेंद्र, बृजभूषण और तरुण समेत अन्य जवान मौजूद रहे।

## सिंचाई विभाग की पार्किंग में खड़ी कार में लगी आग



अजमेर

अजमेर के सिंचाई विभाग की पार्किंग में खड़ी कार में सोमवार को आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस पहुंची तथा अग्निशमन विभाग को सूचना दी। फायरब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। सिविल लाइन थाने के एएसआई भीम सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि सिंचाई विभाग की पार्किंग में एक मारुति कार में आग लग गई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गए। अग्निशमन विभाग को भी इसकी सूचना दी। स्ह ने बताया कि अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पाया गया। किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का कोई खुलासा नहीं हुआ है। गाड़ी के ऊपर पत्ते काफी संख्या में गिरे हुए थे। गाड़ी किसकी है इसे लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। आग के कारणों को लेकर जांच की जा रही है।

## बिजली की तार से गेहूं के खेत में लगी आग, किसान की डेढ़ बीघा फसल जली

धौलपुर

धौलपुर के बसई डांग गांव में विद्युत तार में हुई स्पार्किंग से एक किसान की खेत में रखी हुई गेहूं की फसल में आग लग गई। फसल में आग लगने की सूचना मिलते ही बसई डांग थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस ने ग्रामीणों के पंप सेट चलवाकर आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे थाने के हेड कॉन्स्टेबल अशोक सिकरवार ने बताया कि ग्रामीण उदयवीर (32) पुत्र रामविलास के खेत में गेहूं की फसल



काट कर रखी हुई। सोमवार सुबह फसल में विद्युत तार में हुई स्पार्किंग से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने की खबर मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां ग्रामीणों के पंप सेट चालू करवा दिए। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। हेड कॉन्स्टेबल ने बताया कि आग की चपेट में आने से किसान उदयवीर की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई, जबकि समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ी मात्रा में बची हुई फसल को सुरक्षित बचा लिया गया। फसल में आग लगने के बाद किसान ने सरकार से मुआवजे की मांग की हैं।

## 14 लाख की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार, पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर की थी वारदात

प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने व्हाट्सएप पर पार्ट-टाइम जॉब का झांसा देकर एक महिला से 14 लाख 7 हजार 960 रुपए की ठगी की थी। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर साइबर पुलिस थाना की टीम ने 30 मार्च को राहुल गमेती, कौशल प्रजापत और कमलेश घाटिया को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पीड़िता को व्हाट्सएप पर मैसेज कर पार्ट-टाइम नौकरी का प्रस्ताव दिया और उसे होटल एवं रिसॉर्ट की रेटिंग देने का काम सौंपा। शुरुआत में आरोपियों ने पीड़िता से 1000 रुपए जमा करवाए और 1300 रुपए वापस किए। इसी तरह, 5000 रुपए जमा करवाकर 7800 रुपए लौटाए। पीड़िता का विश्वास जीतने के बाद उन्होंने धीरे-धीरे बड़ी रकम की मांग शुरू कर दी। इस तरह कुल 14 लाख 7 हजार 960 रुपए की ठगी की गई। साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर पुलिस पोर्टल (1930) पर शिकायत दर्ज की। ठगी की गई राशि में से 9 लाख 49 हजार 889 रुपए पीड़िता को वापस दिलवाए गए। पुलिस के अनुसार, मामले में कुछ और आरोपी शामिल हैं, जिनकी तलाश जारी है। प्रतापगढ़ में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को



गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नानुराम उर्फ किला (23) और शंकर (27) के रूप में हुई है। दोनों धोलापानी के रहने वाले हैं। पीड़िता ने 12 मार्च को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि आरोपियों ने उसकी मोटरसाइकिल रोककर छेड़छाड़ की। पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा 11/12 और बीएनएस एक्ट की धारा 75(2) के तहत केस दर्ज किया। एसपी विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर एएसपी परबत सिंह और सीओ छोटीसादड़ी गोपाललाल हिंडोनिया के मार्गदर्शन में धोलापानी थाना प्रभारी रविंद्र पाटीदार की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने आसूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## दौसा से अपहृत बच्चा चूरू में मिला, एक महीने से था लापता



चूरू

चूरू की दूधवाखारा पुलिस ने ऑपरेशन खुशी-नवम के तहत दौसा से अपहृत 12 वर्षीय बच्चे को बरामद किया है। नाबालिग करण सैनी आसलू रेलवे स्टेशन पर एक 22 वर्षीय मंदबुद्धि व्यक्ति सुरज्ञान के साथ मिला। थानाधिकारी हंसराज गुर्जर ने बताया कि एसपी जय यादव के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टीम सदस्य राजेश कुमार ने लाखाउ और आसलू स्टेशन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें आसलू स्टेशन पर यह बच्चा दिखाई दिया। जांच में पता चला कि करण एक मार्च से लापता था। इस संबंध में बसवा थाने में अपहरण का मामला दर्ज था। पुलिस ने बच्चे को सकुशल उसके माता-पिता के हवाले कर दिया। एक महीने बाद अपने बेटे को पाकर परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

## 2 थानों की पुलिस ने 20 साइबर ठग किए गिरफ्तार, 3 नाबालिग निकले

भरतपुर

डीग जिले की दो थानों की पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 20 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। जुरहरा थाना पुलिस ने 15 साइबर ठग पकड़े हैं। वहीं पहाड़ी थाना पुलिस ने 5 साइबर ठग पकड़े हैं। जिसमें से 3 नाबालिग हैं। आरोपियों से मोबाइल, फर्जी सिम, गाड़ी, ट्रैक्टर, बाइक जब्त की गई हैं। जुरहरा थाना अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि साइबर पोर्टल 1930 पर दर्ज शिकायतों के मोबाइल की लोकेशन कल सौनोखर से गावड़ी की तरफ जाने वाले रास्ते पर मिली। जिसके बाद जुरहरा पुलिस की टीम, रेंज स्पेशल टीम, जिला स्पेशल मौके पर पहुंची। वहां फसलों में छुपकर कुछ लोग साइबर ठगी कर रहे थे। पुलिस की टीमों ने घेराबंदी कर मौके से 15 साइबर ठगों को पकड़ा। आरोपियों की तलाशी ली तो, उनके पास 20 मोबाइल, 31 फर्जी सिम, 2 फर्जी ऊरूकार्ड जब्त की गई। साथ ही मौके पर खड़ी साइबर ठगों की 2 बाइक, 1 ट्रैक्टर, 1 थार गाड़ी को भी जब्त किया गया



है। पहाड़ी थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली थी कि पहाड़ी कस्बे से खंडेवला की तरफ जाने वाले रास्ते पर गोल पहाड़ी की तलहटी में मोबाइल फोन से कुछ लोग साइबर ठगी कर रहे हैं। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और वहां से 5 साइबर ठगों को पकड़ा। उसमें से 3 युवक नाबालिग मिले। तलाशी लेने पर आरोपियों से 5 मोबाइल मिले। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह पुराने आईफोन सस्ते दामों में बेचने और पुराने सिक्के बेचने के नाम पर ठगी करते हैं। मोबाइलों को चेक किया तो, उसमें 15 से 20 लाख रुपए का अवैध ट्रांजैक्शन मिला।

## उदयपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास झुलसीं, अहमदाबाद रेफर

उदयपुर

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास (79) आरती करने के दौरान झुलस गईं। पूजा के दौरान दीपक से उनकी चुन्नी में आग लग गई। गिरिजा व्यास को उदयपुर के निजी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनको अहमदाबाद रेफर कर दिया गया। व्यास के भाई गोपाल शर्मा ने बताया- मैं फार्म हाउस पर गया हुआ था। इस



दौरान आग लगने की सूचना मिली। घर पहुंचे तो पता चला कि मां गणगौर का पूजन कर रही थीं। इसी दौरान उनकी चुन्नी में आग गई। नीचे जल रहे दीपक के कारण उनकी चुन्नी ने आग पकड़ ली थी। घर में ही काम करने वाले एक व्यक्ति ने उनको संभाला। उनको उदयपुर में निजी हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां से अहमदाबाद रेफर कर दिया गया। बहू हितांशी शर्मा ने बताया- गणगौर की पूजा करने के बाद सभी लोग अपने-अपने कामों में लग गए थे। इसी दौरान नीचे जल रहे दीपक से चुन्नी ने आग पकड़ ली। इसके बाद तुरंत मैं और मेरे पति और घर में काम करने वाला बसंत उन्हें अस्पताल लेकर गए। डॉ. गिरिजा व्यास वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैं। वे केंद्र और राज्य में बड़े पदों पर रह चुकी हैं। वे राज्य और केंद्र सरकार में मंत्री रहने के अलावा कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रह चुकी हैं। दो बार राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। 1985 से 1990 तक विधायक और राजस्थान सरकार में पर्यटन राज्य मंत्री रहीं। गिरिजा व्यास साल 1991 में पहली बार सांसद बनीं। वे उदयपुर से तीन बार सांसद रहीं। 1996 और 1999 में उदयपुर से कांग्रेस के टिकट पर सांसद का चुनाव जीतीं। 2009 में चित्तौड़गढ़ से लोकसभा चुनाव जीतीं।

## धान मंडी में व्यापारियों के बीच खूनी संघर्षः थाने पहुंचे व्यापारी

हनुमानगढ़

सरसों खरीद का बिल काटने को लेकर व्यापारियों के दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठियों व लोहे की रॉड से वार किए गए। झगड़े में दो व्यापारी घायल हो गए। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस घटनाक्रम के बाद व्यापारियों का एक पक्ष टाउन पुलिस थाना पहुंचा और मुकदमा दर्ज करवाने के लिए थाना प्रभारी को परिवाद सौंपा। घटना सोमवार को हनुमानगढ़ टाउन की नई धान मंडी में हुई। रविन्द्र पाल सिंगला पुत्र रामप्रताप सिंगला निवासी 93 बी, न्यू धान मण्डी, टाउन ने बताया कि वह धान मण्डी में मैसर्स रामप्रताप राजकुमार के नाम से आढ़त की दुकान करता है। शनिवार को मण्डी में उसकी दुकान पर सरसों की बोली हुई थी। इस सरसों की खरीद गणपति इंडस्ट्रीज टाउन ने की थी। बिल काटने की



तारीख को लेकर सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे जब वह अपनी दुकान पर बैठा था, तभी पारस खदरिया पुत्र ओमप्रकाश खदरिया, बाबूलाल लखारा, ओमप्रकाश खदरिया पुत्र रामगोपाल खदरिया, पवन कुमार पुत्र रामगोपाल खदरिया निवासी टाउन आए और उसकी दुकान पर आकर झगड़ा करने लगे और कहा कि उसने बिल क्यों काटा। बिल एक अप्रैल की तारीख में काटना था। इस पर उसने कहा कि उन्होंने जब माल खरीदा उसने उसी दिन का बिल काट दिया। इतना कहते ही इन लोगों ने फोन कर 15-20 आदमी बुला लिए जो हाथ में लाठियां व लोहे की रॉड, सरिया आदि लेकर आए और आते ही उसकी दुकान में घुसकर उसके, विनय पाल सिंगला, अनिल सिंगला, नितिन सिंगला के साथ मारपीट करने लगे। पारस खदरिया ने लोहे की रॉड से विनय पाल सिंगला के सिर पर चोट मारी। इससे खून आ गया। शोर करने पर आसपास के लोग भाग कर आए और उनका बीच-बचाव करवाया। विनय पाल के सिर में गम्भीर चोट लगी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। रविन्द्र पाल सिंगला के अनुसार उसकी पूरी दुकान में खून बिखरा पड़ा है। उसके बेटे व अन्यों के कपड़े फट गए। उन्हें इन लोगों अपनी जान व माल का खतरा बना हुआ है। ये लोग अब भी उन्हें जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।

## गर्मी में राहत पहुंचाने शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ




मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** हरी ग्रुप के सौजन्य से बिहारी मंदिर सुभाष मार्ग वार्ड नंबर 8 में शीतल जल प्याऊ का आज शुभारंभ किया गया। गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना पुण्य कार्य है। समय रहते उठाया कदमऽऽअप्रैल में ही दी प्याऊ की सौगात। भीषण गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाने और शीतल पेयजल पिलाने के लिए हरी ? ग्रुप कुशलगढ़ने शीतल जल प्याऊ लगाई गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए कुशलगढ़ नगर में जगह-जगह शीतल जल प्याऊ लगाई गई हैं। शुभारंभ के दौरान दिलीप टेलर जितेंद्र राठौर सुनील जोशी चेतन बैरागी मुकेश पांचाल मुकेश लक्ष्कार राकेश भाटिया जगदीश पटेल भगवान सिंह राठौड़ मनोज सोनी रेखा जोशी सारिका टेलर चेतना सोनी बिना बैरागी संदीप टॉक राकेश बैरागी एवं सभी मोहल्ले वासी उपस्थित रहे। ये जानकारी दिलीप टेलर ने दी।

## आखा तीज पर सामुहिक विवाह का बोहरा गणेशजी को न्योता आज देंगे

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** समस्त ब्राह्मण एवं सर्व समाज सामुहिक विवाह समिति उदयपुर के संत एच आर पालीवाल के सानिध्य मे 11 वा सामुहिक विवाह अक्षय तृतीया पर होना प्रस्तावित है जिसका न्योता आज 2 अप्रैल बुधवार को सांय:6 बजे समिति के समस्त पदाधिकारीगण एवं जोड़ा देने वाले अभिभावक उदयपुर में स्थित बोहरा गणेशजी मन्दिर एकत्रित हो कर फुल/मालाओं व मिठाई के साथ निमंत्रण कार्ड तथा पीले चावल बोहरा गणेशजी को दे कर सामुहिक विवाह मे पधारने का न्योता दिया जायेगा। समिति के बांसवाड़ा प्रभारी नवनीत त्रिवेदी ने बताया कि सामुहिक विवाह मे अब तक 7 जोड़ों की बुकिंग हो चुकी है साथ ही 4-5 जोड़ों से वार्ता चल रही है। कुल लक्ष्य 11 जोड़े का रखा है। इसी दिन प्रात:7 बजे से सांय: 7 बजे तक मन्दिर के बाहर संत एच आर पालीवाल द्वारा केनोपी लगाई जायेगी। इस अवसर पर समिति के विष्णु शंकर पालीवाल, प्रेम लता पालीवाल, ओम प्रकाश नन्दवाना, महर्षि सारस्वत, पूर्णिमा व्यास, प्रवीण व्यास, प्रकाश भावसार, राम लाल नकवाल, हीरा भाई चंदानी, अर्जुन लाल रंगवानी आदि उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी उदयपुर जिला मीडिया प्रभारी शिवम शर्मा ने दी।

## सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलते दो गिरफ्तार

### जुआ सामग्री व जुआ राशि 670 रुपये जप्त




मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** निकटवर्ती सरुण्ड थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से जुआ सामग्री व जुआ राशि 670 रुपये जप्त की गई है। पुलिस टीम ने मंगलवार को मुखबीर की सूचना पर ग्राम खड़ब में सार्वजनिक स्थल पर ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुये आरोपी राजेश (40) पुत्र चिरंजीलाल जांगिड़ व दिलीप (34) पुत्र रामचन्द्र धोबी दोनों निवासी खड़ब थाना सरुण्ड को मय जुआ सामग्री व जुआ राशि 670 रूपये को जप्त कर आरोपियान को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मुकदमा नं 88/2025 धारा 13 आरपीजीओ में दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## राठ इंटरनेशनल स्कूल में न्यू सत्र 2025-26 का शुभारंभ हवन और यज्ञ के साथ किया गया





मरुधर विशेष

**बहरोड़। धर्मेन्द्र चर्खिया** क्षेत्र के राठ इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक जलेसिंह यादव ने बताया की मंगलवार को न्यू सत्र 2025- 26 का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा कर हवन व वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ डां बलवंत शास्त्री, विद्या रतन शास्त्री व आचार्य नीरज कुमार शर्मा के द्वारा किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का न्यू सत्र के प्रथम दिन विद्यालय पहुंचने पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया गया जिसमें विद्यालय परिवार की ओर से संतोष बलवान प्रधान नीमराना पंचायत व सेक्रेटरी नितेश यादव डायरेक्टर शिवानी यादव ने राठ विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की ईश्वर से मंगल कामना की और विद्यार्थियों व विद्यालय स्टॉप ने प्रसाद ग्रहण किया । विद्यालय प्राचार्य के पी बर्वे ,उप्राचार्य कुसुम यादव एकेडमिक डायरेक्टर संदीप यादव कोचिंग हेड पंकज कुमार कोआर्डिनेटर मीना यादव,अजय यादव नंदनी यादव सहित समस्त स्टाफ ने हवन में आहुति दी ।

### जिला कलक्टर ने नगर परिषद एवं नगर पालिका अधिकारियों की ली बैठक

# वार्षिक कार्ययोजना का जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन कर विभिन्न कार्यों हेतु किया निर्देशित

### सफाई, सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने पर दिया जोर

मरुधर विशेष



**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर परिषद एवं समस्त नगर पालिकाओं के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक कार्य योजना, विभिन्न शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना एक्शन प्लान, वॉर्डों के पुनर्गठन, सम्पर्क पोर्टल, स्वच्छ भारत मिशन, केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं तथा नगर परिषद/नगरपालिकाओं के विभिन्न मेजर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने विभागों से संबंधित कार्यों में गति लायें एवं नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में वार्षिक कार्य योजना का जिला स्तरीय समिति द्वारा द्वारा अनुमोदन किया गया। जिसमें एमएसआरवीवाई के बजट प्रावधान अनुसार नगर परिषद में 01 करोड़ रुपये व नगर पालिका में 60 लाख रुपये के कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके तहत पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण संबंधी कार्य, स्वच्छता एवं सेनिटेशन कार्य, सम्पत्ति विरूपण, कन्वर्जेंस कार्य, सेवा संबंधी कार्य एवं हेरिटेज संरक्षण संबंधी कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने, सार्वजनिक स्थलों एवं दीवारों पर पेंटिंग व सौंदर्यीकरण कार्य करने, गंदे जल की निकासी एवं ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने, सड़कों की मरम्मत एवं चौड़ाईकरण करने तथा शहर के समग्र सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि कामगारों को प्रशिक्षित कर शहर की दीवारों पर मांढ़ण कला, गेरुआ आदि से सजावट का कार्य करें, दीवारों पर पोस्टर लगाने वालों पर कार्यवाही करें, फुटपाथ के पास सुंदर पेड़-पौधे लगाकर उनकी देखभाल सुनिश्चित करें, पार्कों की नियमित सफाई हेतु संबंधित को पाबंद करें, मुख्य मार्गों व आवश्यक स्थानों पर स्ट्रीट लाईट व्यवस्था करते हुये उनका रखरखाव भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन के उचित उपाय अपनाते हुये घर से कचरा एकत्रित करने हेतु नियमित कचरा वाहन लगाने, सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद व नगर पालिकाओं के परिसीमन के तहत जोड़े व हटाये जाने वाले गांवों के बारे में नक्शे के माध्यम से समीक्षा कर उचित प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर शहरी क्षेत्रों का दौरा कर अव्यवस्थाओं को चिन्हित करते हुये उनके समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। साथ ही स्टेडियम निर्माण की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर कार्य में गति लाने को कहा। जिला कलक्टर ने कहा कि शहर के नागरिकों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण मिले, इसके लिए नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं को ठोस कदम उठाने होंगे। सभी योजनाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने एवं शहरी विकास कार्यों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया गया। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने वार्षिक कार्ययोजना एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एईएन मुकेश सैनी, समस्त अधिशाषी अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रीष्म ऋतु के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें :- जिला कलक्टर

### जिला कलक्टर ने कहा :- पीएम कुसुम एवं पीएम सूर्य घर योजना के बारे में आमजन को जागरूक कर प्रगति लायें

### जिला कलक्टर की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

मरुधर विशेष





**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने मंगलवार को विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक ली और निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें और लक्ष्यानुरूप घरेलू उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना से जोडने़ हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि बिजली आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता है, इसलिये संबंधित अधिकारी विद्युत से जुड़ी समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें। उन्होंने अधीक्षण अभियंता मनोज गुप्ता को सभी अधिकारियों को पाबंद करने को कहा कि आमजन के शिकायत संबंधी फोन कॉल का तुरंत जवाब देवें एवं समयबद्ध समस्या का तत्परता से निवारण कर उन्हें राहत पहुंचायें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने बिजली की चोरी रोकने हेतु निगरानी तेज करने एवं सख्त कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने बिजली कटौती एवं शट डाउन उचित कारणों पर ही करने, लंबित विद्युत कनेक्शन परीवादों को निपटाने के निर्देश दिये। उन्होंने बजट 2024-25 एवं 2025-26 में विभाग से सम्बन्धित की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुये कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करने को कहा। जिला कलक्टर ने पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा से चलने वाले पम्प स्थापित करने सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने एवं पीएम सूर्य घर योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा रूफ टॉप सोलर प्लांट के कार्य में लक्ष्यानुरूप गति लाने हेतु विशेष कार्ययोजना के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रचार माध्यमों का उपयोग करने को कहा। इस दौरान विभाग से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य श्री पंच कुण्डीय मारुति महायज्ञ 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक,आम भंडारा का होगा आयोजन

मरुधर विशेष



**विजय सिंह /मोहम्मद शकील खैरथल ।** श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य श्री पंच कुण्डीय मारुती महायज्ञ के पांच दिवसीय महोत्सव श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर खैरथल में 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक महंत केशवगिरी महाराज एव माधव गिरी महाराज के सानिध्य में एवं श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर कमेटी अध्यक्ष लालचंद रोघा के नेतृत्व में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर पुजारी चंदन लोढ़ा ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य श्री पंच कुण्डीय मारूती महायज्ञ के पांच दिवस कार्यक्रम के तहत का 8 अप्रैल मंगलवार को प्रात: 10:15 बजे घट पूजन-वेदी स्थापना यज्ञारंम्भ, 9 अप्रैल बुधवार को प्रात: 10:15 बजे यज्ञ-पूजन,10 अप्रैल गुरुवार को प्रात: 9 बजे से प्रात: 11 बजे तक यज्ञ-पूजन एवं हवन,शुक्रवार 11 अप्रेल को साय 5:15 बजे हवन संगीतमय एवं सुंदरकांड पाठ, 12अप्रैल शनिवार को यज्ञ-पूजन- पूर्णाहूति प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक तथा आम भंडारा प्रात: 11 बजे से साय 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।




## कठूमर में आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों के दांवपेच देखने उमड़े ग्रामीण कुश्ती दंगल का आखिरी कामडा बराबरी पर छुटा

मरुधर विशेष

**दिनेश लेखी** कठूमर । कस्बे के गणगौर मेले के दूसरे दिन मंगलवार को विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कुश्ती दंगल में अनेक ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने शिरकत की।

कुश्ती दंगल का आखिरी कामडे के लिए ईनामी राशि एक लाख रूपए का अजय दिल्ली व उमेश कारव मथुरा के पहलवानो के बीच पन्द्रह मिनट का हुआ जो बराबरी पर छुटा। दंगल के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम व अध्यक्षता कर रहे विधायक रमेश खींची ने ईनामी राशि को दोनो? पहलवानों को बराबर बांट दिया। इक्यावन हजार की कुश्ती कलुवा गुर्जर दिल्ली व अंकित मथुरा के बीच बराबर छुटी।

इस मौके पर मंत्री ने आमजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुश्ती दंगल के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाए निखर कर आती है। इस मौके पर उन्होंने आमजन की मांग पर खेल स्टेडियम बनबाने की घोषणा की। विधायक ने सफल आयोजन के लिए आमजन का आभार जताया।

नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी नरसीलाल मीणा ने बताया कि दोपहर एक बजे शुरू कुश्ती दंगल को देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जिससे कुश्ती का अखाड़ा मेला जैसा दिखाई पड़ रहा था। कुश्ती दंगल में पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाकर दर्शकों को खूब रोमांचित किया। शुरू में छोटी छोटी कुश्तियां आयोजित की गई जिसमें स्थानीय पहलवान हरिओम बेरका, सुशील फौजी बेरका, सहित धर्मवीर कठूमर, रामदयाल बाबा अखाड़े के पहलवानों ने अपने अपने मुकाबले जीते। इसके अलावा ग्यारह हजार से इकतीस हजार रुपए की भी अनेक कुश्ती कराई गई।

महिला पहलवानो में खुशी मथुरा, नीरज मथुरा, मुस्कान सोनीपत, तमन्ना सोनीपत, मीनल पानीपत ने अपनी कुश्ती जीती।

कुश्ती दंगल मे, दिल्ली, मेरठ, हाथरस, भरतपुर, अलवर, किशनगढ़, अकोला, आगरा, मथुरा, झज्जर नोएडा फिरोजाबाद, बाबल, पलवल , पंजाब, डीग, अलवर, सोनीपत, पानीपत आदि अनेक स्थानों से नामी पहलवान शामिल होने पहुंचे। कुश्ती दंगल में कानून व्यवस्था बनाए रखने व अप्रिय घटना से निपटने के लिए एसडीएम श्याम सुन्दर चेतीवाल, डीएसपी कैलाश जाट, तहसीलदार मदन जाट सहित कठूमर, खेरली, बहतुकला थाना प्रभारी मय पुलिस बल, आरएसी जवान मौजूद रहे।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान संजय खींची, पूर्व नपा चेयरमैन शेर सिंह मीणा, भाजपा नेता गोपेश भारद्वाज, बद्री गुर्जर पीटीआई, नगर पालिका कर्मचारी अनेक सरपंच, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व हजारों की भीड़ मौजूद थी।

मेले के आखिरी दिन बुधवार को दिन में हरीराम गुर्जर का ढोला व रात्रि को मथुरा के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पूर्व सोमवार रात्रि को जिकड़ी दंगल का आयोजन किया गया।

## भारतीय नववर्ष पर स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

मरुधर विशेष



**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) राजस्थान की स्थानीय ईकाई द्वारा भारतीय नववर्ष के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में हिन्दू रिति रिवाज के अनुसार सभी संकाय सदस्यों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त आचार्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक महासंघ के क्षेत्र विचार प्रमुख डॉ. महावीर प्रसाद कुमावत ने भारतीय काल गणना को वैज्ञानिक और प्रकृति सम्मत बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति की प्रत्येक परम्परा एवं गतिविधि का आधार भारमीय काल गणना है। पाश्चात्य काल गणना हमारे ऊपर थोपी गई है। अब समय आ गया है कि हम अपनी सनातन संस्कृति का सम्मान करते हुये हमारी अपनी काल गणना को अपनायें। पाश्चात्य काल गणना अनेक विसंगतियों से परिपूर्ण है। आज हमें यह व्रत लेना चाहिये कि हम आगे से भारतीय काल गणना से कार्य करेगें। प्रो. महावीर प्रसाद कुमावत ने कहा कि हमें अपनी सनातन संस्कृति को भूलना नहीं चाहिये। हमारा पंचांग शाश्वत और वैज्ञानिक है। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ आर. के. सिंह ने कहा कि भारतीय नवसंवत्सर का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। नवसंवत्सर की शुरुआत नवरात्रा जैसे शुभ उत्सव से होती है। इस समय प्रकृति नव रूप धारण करती है, वातावरण खिल उठता है। आर.वी.आर.एस. के शिक्षकों को सरकार द्वारा समान पदनाम देने पर महाविद्यालय परिवार की और से अभिनंदन करते हुये शुभकामनाएं व बधाईयां दी गई। आर.वी.आर.एस. शिक्षकों के प्रतिनिधि के तौर पर डॉ. खेमचन्द गुर्जर ने सगठन एवं सरकार का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय स्टाफ क्लब की तरफ से महाविद्यालय में नवनियुक्त हिंदी साहित्य विषय के चार सहायक आचार्यों का स्वागत किया। संचालन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) राजस्थान के स्थानीय ईकाई सचिव अशोक सिंह ने किया तथा कपूर चंद वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभी संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

# कठूमर में आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों के दांवपेच देखने उमड़े ग्रामीण कुश्ती दंगल का आखिरी कामडा बराबरी पर छुटा







मरुधर विशेष

**दिनेश लेखी** कठूमर । कस्बे के गणगौर मेले के दूसरे दिन मंगलवार को विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कुश्ती दंगल में अनेक ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने शिरकत की। कुश्ती दंगल का आखिरी कामडे के लिए ईनामी राशि एक लाख रूपए का अजय दिल्ली व उमेश कारव मथुरा के पहलवानो के बीच पन्द्रह मिनट का हुआ जो बराबरी पर छुटा। दंगल के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम व अध्यक्षता कर रहे विधायक रमेश खींची ने ईनामी राशि को दोनो? पहलवानों को बराबर बांट दिया। इक्यावन हजार की कुश्ती कलुवा गुर्जर दिल्ली व अंकित मथुरा के बीच बराबर छुटी। इस मौके पर मंत्री ने आमजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुश्ती दंगल के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाए निखर कर आती है। इस मौके पर उन्होंने आमजन की मांग पर खेल स्टेडियम बनबाने की घोषणा की। विधायक ने सफल आयोजन के लिए आमजन का आभार जताया।

नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी नरसीलाल मीणा ने बताया कि दोपहर एक बजे शुरू कुश्ती दंगल को देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जिससे कुश्ती का अखाड़ा मेला जैसा दिखाई पड़ रहा था। कुश्ती दंगल में पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाकर दर्शकों को खूब रोमांचित किया। शुरू में छोटी छोटी कुश्तियां आयोजित की गई जिसमें स्थानीय पहलवान हरिओम बेरका, सुशील फौजी बेरका, सहित धर्मवीर कठूमर, रामदयाल बाबा अखाड़े के पहलवानों ने अपने अपने मुकाबले जीते। इसके अलावा ग्यारह हजार से इकतीस हजार रुपए की भी अनेक कुश्ती कराई गई।

महिला पहलवानो में खुशी मथुरा, नीरज मथुरा, मुस्कान सोनीपत, तमन्ना सोनीपत, मीनल पानीपत ने अपनी कुश्ती जीती।

कुश्ती दंगल मे, दिल्ली, मेरठ, हाथरस, भरतपुर, अलवर, किशनगढ़, अकोला, आगरा, मथुरा, झज्जर नोएडा फिरोजाबाद, बाबल, पलवल , पंजाब, डीग, अलवर, सोनीपत, पानीपत आदि अनेक स्थानों से नामी पहलवान शामिल होने पहुंचे। कुश्ती दंगल में कानून व्यवस्था बनाए रखने व अप्रिय घटना से निपटने के लिए एसडीएम श्याम सुन्दर चेतीवाल, डीएसपी कैलाश जाट, तहसीलदार मदन जाट सहित कठूमर, खेरली, बहतुकला थाना प्रभारी मय पुलिस बल, आरएसी जवान मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संजय खींची, पूर्व नपा चेयरमैन शेर सिंह मीणा, भाजपा नेता गोपेश भारद्वाज, बद्री गुर्जर पीटीआई, नगर पालिका कर्मचारी अनेक सरपंच, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व हजारों की भीड़ मौजूद थी। मेले के आखिरी दिन बुधवार को दिन में हरीराम गुर्जर का ढोला व रात्रि को मथुरा के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पूर्व सोमवार रात्रि को जिकड़ी दंगल का आयोजन किया गया।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं पेयजल सम्बन्धी शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु स्थापित किया जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष

मरुधर विशेष

**विजय सिंह /मोहम्मद शकील खैरथल।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार खैरथल में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली एवं पानी की व्यवस्था को सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिस पर पीएचईडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में जिले की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मोनेटरिंग एवं पेयजल सम्बन्धी शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) कार्यालय अधिशाषण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, वृत खैरथल में स्थापित किया गया है। जिसके दूरभाष नं. 01460-298735 है। आम नागरिक दूरभाष नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा व्हाट्सएप नंबर 7374917525 पर भी लिखित शिकायत दर्ज करवा सकते हैं जिसका संबंधित अधिकारियों द्वारा निश्चित समय अवधि में समाधान किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 31 जुलाई तक सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने डीसीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा की। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल,कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी,उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा, नगर परिषद खैरथल के कनिष्ठ अभियंता मोतीलाल वर्मा,बिजली विभाग, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, पीएचईडी, महिला एवं बाल विकास, पुलिस,राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



## भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ़ द्वारा नववर्ष शोभायात्रा का भव्य स्वागत



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के शुभागमन पर कुशलगढ़ नगर में नववर्ष स्वागत समिति के आह्वान पर सर्वसमाज द्वारा कुशलगढ़ नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसका माता मगरी चौराहे पर भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ़ के सदस्यों द्वारा नववर्ष शोभायात्रा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। आगे मातृशक्ति मंगल कलश लेकर चल रही थी। पिछे पुरुष वर्ग मंगल वेश में बैंड की धुन के साथ देशभक्ति गीत एवं भजन कीर्तन करते हुए ,भारत माता ,जय श्रीराम के उदघोष करते हुए चल रहे थे। वहीं सुसज्जित झांकी में बाल गोपाल राम, लक्ष्मण जानकी के रुप कर बैठे हुए थे। जैसे ही शोभायात्रा मगरी माता चोराहे पर आईं भारत परिषद के सदस्यों ने गर्मजोशी से भारत माता की जय के उदघोष के साथ पुष्प वर्षा की जिसमें भारत विकास परिषद के संरक्षक एडवोकेट हरेन्द्र पाठक , उघोगपति मुकेश कुमार अग्रवाल, मंत्री अजय निगम,अजय जोशी , कन्हैयालाल निनामा, अशोक कुमार जोशी, दिलीप कुमार निगम, देवशंकर पंड्या , महेश कुमार चौहान अध्यक्ष दिगपाल सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

## लोहारिया भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गांव के रोड़ो को दुरस्त करवाने ओर साफ सफाई करवाने को ले कर सरपंच प्रतिनिधित्व को ज्ञापन

### गाँव में साफ सफाई एवं रोड का सुदृढ़ीकरण हो-टेलर

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** ग्राम पंचायत लोहारिया भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गांव के रोड़ो को दुरस्त करवाने ओर गांव में साफ सफाई करवाने को ले कर सरपंच प्रतिनिधित्व को ज्ञापन दिया गया,लोहारिया गांव मे पंचायत द्वारा वार्ड 11 मे दो महीने पहले बने रोड की मिट्टी और कंक्रीट बार निकल गई है,जिससे गाड़ियों के आवागमन की वजह से जो धूल उड़ती है,इससे लोगों का घर के बार बैठना मुश्किल हो गया है,एक साल से गांव मे नालियों की साफ सफाई नहीं होने से दुर्गंध ओर मच्छर की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, ग्राम पंचायत के मुख्य द्वार के सामने 24 घंटे नाली का गंदा पानी जमा रहता है,जो बिछावाड़ा, भैरव डुंगरी,श्री क्षेत्रफल मंदिर जाने का मुख्य मार्ग है,जहां लोगों को गंदे पानी मे चल कर जाना पड़ता है,ओर कई बार वाहन आ जाने से लोगों के कपड़े के ऊपर गंदे पानी के छिटे भी उड़ जाते हैं,गांव की इन, सभी समस्याओं के लिए 6 महीने पूर्व भी ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन दिया गया था,परंतु पंचायत द्वारा इसका निराकरण नहीं किया गया,एक बार पुन गांव के लोगो ने गांव की समस्याओ को लेकर पंचायत प्रतिनिधित्व को ज्ञापन दिया,जिसमें भाजपा युवा नेता संजय टेलर,राहुल पंचाल,नीलेश पंचाल,मुकेश पंचाल,दिलीप पंचाल,विशाल आमेटा,नितेश जैन आदि ग्रामीण मौजूद रहे 7 ये जानकारी संजय टेलर ने दी।

### मेरे कागज गलत तो इस्तीफा देने क़ो तैयार उपप्रधान अर्जुन चौकन

# विकास कार्यों मे पार्षद साथ न देकर गुटबाजी का प्रधान वीरेंद्र एडवोकेट लगा रहे आरोप

मरुधर विशेष



**बावल** नगरपालिका परिसर मे सदस्यो की बैठक सचिव के न होने के कारण स्थगित हो गई जिससे तीसरी बार भी बैठक नहीं हो सकी दो बार पहले बजट की बैठक कोरम पुरा न होने के कारण स्थगित की जा चुकी हैं नगरपालिका प्रधान और उपप्रधान आमने सामने हो गए हैं विकास कार्यों मे भेदभाव क़ो लेकर उपप्रधान सहित दस पार्षद लगातार बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं और समान विकास कार्यों क़ो लेकर आवाज उठा रहे है जिससे शहर का विकास रुक गया हैं आज बैठक मे सभी पार्षद मौजूद रहे सचिव के न होने के कारण बैठक रद्द करनी पड़ी उपप्रधान अर्जुन चौकन नें बताया पार्षद के वार्डो मे विकास कार्य न होने से रोष वयाप्त हैं उन्होंने कहा कोटेशन बेस पर टेंडर नहीं होना चाहिए ऑनलाइन कार्य किये जाने चाहिए उन्होंने कहा गुर्जर चौपाल क़ो लेकर दस्तावेज दिखाते हुए कहा प्रधान गुर्जर चौपाल की जमीन क़ो लेकर गलत ब्यानबाजी कर रहे हैं उन्होंने बताया खेड़ा रोड पर जाट सूरजमल व् ज्योतिबा फुले पार्क मे अडचने लगाकर रूकावटे डालना गलत हैं जिसकी जमीन हैं वही बजट खर्च किया जाये शहर के विकास के लिए सभी पार्षद एकजुट है और सभी शहर का विकास चाहते हैं उन्होंने कहा तीन साल मे काम नहीं होने से लोग पार्षद क़ो हीं जिम्मेदार ठहरा रहे हैं ताराचंद सिंह नें कहा पहली मीटिंग मे पास किये गए कार्य हीं नहीं करवाये गए एस अवसर पर प्रधान वीरेंदर एडवोकेट उपप्रधान अर्जुन चौकन पार्षद अनीता देवी रमेश कुमार देवेंदर अरनेजा रोहताश नंबरदार किरण महन्दीरता शीला देवी रेणुप्रमोद बागड़ी मेनका कुमारी रेखा यादव सूबे सिंह सहित सभी पार्षद मौजूद रहे

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने जनुथर कुस्ती दंगल मेले में की शिरकत

मरुधर विशेष



**संवाददाता सलीम खान** डीग,- गृह, गौपालन , पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मंगलवार को डीग जिले के जनुथर में आयोजित कुस्ती दंगल मेले में शिरकत की। गृह राज्य मंत्री मंगलवार को डीग जिले के एक दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरान वे नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए जनुथर पहुंचे जहां उन्होंने मुख्य अतिथि के तौर पर सहभागिता की। श्री बेढ़म ने दूर दराज क्षेत्रों से आए हुए पहलवानों द्वारा प्रदर्शित कुश्ती के विभिन्न दांव-पेंच देखें और आमजन की परिवेदनाओं को सुना। उन्होंने कहा कि बेहद कम समय में 10 करोड़ से अधिक की राशि जनुथर के विकास के लिए स्वीकृत की जा चुकी हैं। इनमे जनुथर के अस्पताल के लिए 5.5 करोड़ की राशि एवं 3.9 करोड़ रुपए की लागत से पुलिस थाना का निर्माण कार्य शामिल है। विकास की कड़ी में समग्र शिक्षा योजनांतर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जनुथर में स्वीकृत कक्षा-कक्षों का शिलान्यास करने के साथ ही भविष्य में क्षेत्रिय विकास के अनेकों द्वार खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले के युवा सकारात्मक ऊर्जा का सही से प्रयोग करते हुए अच्छे कामों में लगाए और नशे एवं इससे संबंधित बुराइयों से दूर रहे। श्री बेढ़म ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इससे पूर्व कुश्ती दंगल कार्यक्रम में जनुथर में भव्य स्वागत करने के लिए सभी जनुथर वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जनसेवा और लोककल्याण के लिए समर्पित है। वही कुश्ती दंगल में विभिन्न क्षेत्रों के पहलवान ने शिरकत की जिसे देखने आसपास के गांव से लोगों का भारी जमावड़ा लगा रहा।

### जाटबहरोड अंबेडकर शिक्षण संस्थान द्वारा अंबेडकर जयंती की तैयारियों जोरों पर

# 14 अप्रैल की तैयारियों को लेकर भवन के रंग रोगन,लेखन और कार्यक्रम की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

मरुधर विशेष




**नीमराना (सुनील मेघवाल)** निकटवर्ती गांव जाट बहरोड़ में अंबेडकर शिक्षण संस्थान एवं एकलव्य फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती बड़े ही धूम धाम के साथ मनाई जाएगी। संगठन के अध्यक्ष निहाल मास्टर ने बताया कि अंबेडकर जयंती की पूर्व तैयारी के तहत कार्यक्रम स्थल पर सोमवार को संस्थान का नामकरण एवं भामाशाह डेस्क बोर्ड सहित अन्य आवश्यक वॉल पेंटिंग कार्य करवाया गया। सचिव महेंद्र गुरुजी ने बताया कि इस दौरान भवन में रखे अनावश्यक सामान को भी हटाया गया साथ ही अंबेडकर लाइब्रेरी भवन में भी साफ सफाई व कोटेशन प्रिंटिंग की गई। इस दौरान अम्बेडकर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष निहाल सिंह अध्यापक, सचिव महेंद्र गुरुजी,सक्रिय कार्यकर्ता सचिन अहरोदिया, पवन पोनी कोषाध्यक्ष, सूचना प्रभारी विजेंद्र बिल्लू,संगठन मंत्री पवन शादी राम,संगठन मंत्री सोनू,संगठन मंत्री ललित कुमार,संगठन मंत्री अरुण,हितेंद्र आर्टिस्ट झझारपुर, प्रचार मंत्री विनोद, सहायक प्रचार मंत्री कंचन अहरोदिया,सहायक कोश प्रभारी मनीष मोरोडीया सहित सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ बांसवाड़ा द्वारा भारतीय नव वर्ष पर आयोजित विशाल शोभा यात्रा का स्वागत

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ बांसवाड़ा द्वारा भारतीय नव वर्ष पर आयोजित विशाल शोभा यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम चंदर्पोल गेट के अंदर मटकेश्वर महादेव मंदीर पर किया गया। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डा. कीर्ति आचार्य, कार्यवाहक महिला जिला अध्यक्ष अर्चना दवे के नेतृत्व मे आयोजित स्वागत कार्यक्रम मे दो बच्चो ने भगवान परशुराम का रूप धर आशिर्वाद प्रदान कर आकर्षण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन द्वारा शीतल ज्यूस वितरित किया गया। नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव, वरिष्ठ के. के. शुक्ला, जिला महामंत्री शशी कुमार शर्मा, कैलाश जोशी,राम शकर जोशी सहित अनेक पदाधिकारियों का सहयोग रहा।इस अवसर पर लिमथान मे आयोजित 101 कुण्डीय विष्णु यज्ञ और विशाल गंगा जल यात्रा तीन दिवसीय कार्य क्रम संयोजक विनोद पानेरी आयोजन के मुख्य आचार्य किशोर शुक्ला ने भी उपस्थित रह कर कार्यक्रमो की जानकारी दी।

## माँ भारती महाविद्यालय के डायरेक्टर और भाजपा के वरिष्ठ नेता करणी सिंह राठौड़ का जन्मदिन महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** आज माँ भारती महाविद्यालय परिसर में स्टाफ और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के डायरेक्टर और भाजपा के वरिष्ठ नेता करणी सिंह राठौड़ का जन्मदिन पर केक काटकर और माला पहनाकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर कॉलेज को गुब्बारो से सजाया गया इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर करणी सिंह राठौड़ ने केक काटकर सभी को धन्यवाद दिया जन्मदिन पर डॉक्टर दीपेंद्र सिंह और कॉलेज के प्रिंसिपल डीके बधेलने जन्मदिन पर संबोधित कर सभी स्टाफ और छात्र-छात्राओं को धन्यवाद प्रेषित किया इस अवसर पर अमित बारोट ने कॉलेज की बढ़ती सफलता को लेकर विस्तृत से जानकारी दी कार्यक्रम में मां भारती ग्रुप एजुकेशन महाविद्यालय की सेक्रेटरी दिव्यांगना राठौड और कर्मेंद्र सिंह राठौडशाहित महाविद्यालय का स्टाफ और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मंगल मिलाप के अंतर्गत मगरी माता पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** मंगल मिलाप के अंतर्गत हर मंगलवार शाम 7 बजे हर मंगलवार को अलग अलग मंदिरों पर हनुमान चालीसा पाठ किया जाता है।आज मगरीमाता सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया।हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है और इस दिन बजरंगबली की पूजा करने का विशेष महत्व माना जाता है। मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं और भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर देते हैं, हनुमान चालीसा का पाठ करने से लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। सही नियमों का पालन करके हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करना बेहद लाभकारी माना जाता है। पुरुष और महिलाएं दोनों हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते हैं। हनुमान चालीसा को जल्दी फल देने वाला माना जाता है और इसका पाठ रोज करना चाहिए। हनुमान चालीसा का पाठ करने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इस दौरान धर्म रक्षा में सबसे आगे रहने वाले हेमेंद्र पंड्या,विप्र फाउंडेशन संरक्षक हरेंद्र पाठक,अखंड सनातन मंडल अध्यक्ष विजयपाल सिंह जाधव,पार्षद दिनेश परिहार,आशीष नीमा,कमलेश टेलर, दिग्पालसिंह राठौड़,देवू भाई टेलर,अशोक जोशी,दिव्या पंड्या,अंबिका पाठक,तिलोत्तमा पंड्या ,पूर्व पार्षद जय कटारा ओर महिला शक्ति आदि कई भक्त जन उपस्थित रहे।

# मंगल मिलाप के अंतर्गत काला गोरा भैरव मंदिर ओर महिला शक्ति द्वारा पंकज राठौड़ के घर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: मंगल मिलाप के अंतर्गत हर मंगलवार शाम 7 बजे हर मंगलवार को अलग अलग मंदिरों पर हनुमान चालीसा पाठ किया जाता है।आज बांसवाड़ा रोड स्थित काला गोरा भैरव मंदिर ओर महिला शक्ति द्वारा पंकज राठौड़ के घर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया।हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है और इस दिन बजरंगबली की पूजा करने का विशेष महत्व माना जाता है। मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं और भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर देते हैं, हनुमान चालीसा का पाठ करने से लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। सही नियमों का पालन करके हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करना बेहद लाभकारी माना जाता है। पुरुष और महिलाएं दोनों हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते हैं। हनुमान चालीसा को जल्दी फल देने वाला माना जाता है और इसका पाठ रोज करना चाहिए। हनुमान चालीसा का पाठ करने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। इस दौरान धर्म रक्षा में सबसे आगे रहने वाले हेमेंद्र पंड्या,विप्र फाउंडेशन संरक्षक हरेंद्र पाठक,अखंड सनातन मंडल अध्यक्ष विजयपाल सिंह जाधव,पार्षद दिनेश परिहार,आशीष नीमा,कमलेश टेलर, दिग्पालसिंह राठौड़,देवू भाई टेलर,अशोक जोशी,दिव्या पंड्या,अंबिका पाठक,तिलोत्तमा पंड्या ,पूर्व पार्षद जय कटारा ओर महिला शक्ति आदि कई भक्त जन उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब कुशलगढ़ द्वारा टिमेडा बस स्टैंड सर्कल पर जल मंदिर का शुभारंभ

### ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य प्रारंभ



मरुधर विशेष

**कुशलगढ़:** रोटरी क्लब कुशलगढ़ द्वारा ग्रीष्मकाल में जनसेवा के उद्देश्य से टिमेडा बस स्टैंड सर्कल पर जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। यह सेवा कार्य विशेष रूप से गर्मी के मौसम में राहगीरों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने हेतु प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्किल इंस्पेक्टर रूपसिंह चारण एवं भामाशाह रमेश तलेसरा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। टिमेडा बस स्टैंड सर्कल पर जल मंदिर के उद्घाटन अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव यश खाब्या सहसचिव रौनक सेठ, कोषाध्यक्ष अंकित कावड़िया, क्लब एजी पथिक मेहता वरिष्ठ संरक्षक मनोहर लाल कावड़िया, मुकेश अग्रवाल, फखरुद्दीन कापड़िया एवं क्लब के सदस्य अर्पण कटारिया आशीष नाहटा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।रोटरी क्लब कुशलगढ़ के इस सेवा कार्य की सभी अतिथियों ने सराहना की और इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया। क्लब सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान देंगे। रोटरी क्लब इस कार्य को 3 वर्षों से अधिक समय से नियमित हर वर्ष करता रहा है।

# हिंदू नववर्ष पर 5100 दीपकों एवं भव्य आतिशबाजी के साथ भक्ति संध्या कार्यक्रम का आयोजन रामधुनी, हनुमान चालीसा पाठ एवं भव्य आतिशबाजी का हुआ आयोजन

मरुधर विशेष





**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** हिंदू नववर्ष एवं नवरात्रि के अवसर पर स्थानीय अग्रसेन तिराहे पर सामाजिक संगठन टीम स्वच्छता सेवा दल के तत्वाधान में 5100 दीपकों के साथ भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामधुनी, हनुमान चालीसा पाठ एवं भव्य रंगीन आतिशबाजी भी की गई। टीम स्वच्छता सेवा दल के संयोजक प्रवीण कुमार बंसल ने बताया कि हिंदू नव वर्ष चैत्र माह की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के अवसर पर टीम स्वच्छता सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने रामधुनी, हनुमान चालीसा पाठ, 5100 मिट्टी के दीये जलाकर भव्य आतिशबाजी के साथ हिंदू नववर्ष मनाया। बाबा श्याम प्रभु का भव्य दरबार टीम रवि अग्रवाल द्वारा सजाया गया एवं भजन कलाकारों, सांवरा साउण्ड बहरोड़ एवं टिंकू म्यूजिकल ग्रुप द्वारा बाबा श्याम प्रभु को रिझाया गया। बदायूं, उत्तरप्रदेश से आये कलाकार प्रतोष शर्मा फकीरा ने हिंदू नववर्ष का भजन यह हिंदू नव वर्ष है..... एवं हर जुबां पे राम का नाम होना चाहिए...... भजनों द्वारा भक्तों का मन मोह लिया एवं समाज को हिंदुत्व का संदेश दिया। गुडग़ांव से आये जीतू माली ने अनोखी थारी झांकी एवं कीर्तन की है रात.... भजनों द्वारा श्रोताओं का दिल जीत लिया। महेंद्रगढ़ से कृष्ण शर्मा, उमेश गुप्ता, दीपक सैनी, आकांक्षा माली, कंचन राघव, चंदन एवं अन्य कलाकार मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत् रूप से द्वीप प्रज्जवलन कर की गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता मुकेश गोयल व शंकर लाल कसाना, भामाशाह अशोक बंसल, डॉ. के. एम. गुप्ता, नागाजी मंदिर से सीताराम जी महाराज, टीम संरक्षक महेश मीणा, वृंदावन से तेजसदास जी महाराज, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मैथलीशरण बंसल, डॉ. अश्वनी गोयल, अमरनाथ बंसल, एड. बजरंग लाल शर्मा, योगेश शरण बंसल, एड. सुरेंद्र चौधरी, सुभाष घोघड़, डॉ. महेंद्र पलसानिया, मुकेश अग्रवाल, दिनेश मित्तल, प्रधानाचार्य मुरलीराम गुर्जर, नरेश बंसल, अशोक सुरेलिया, रामप्रकाश बंसल, सुशील बंसल, उमराव लाल वर्मा, जितेंद्र चौधरी, रतनलाल अग्रवाल, राजेश सवाईका, प्रफुल्ल रमन, प्रदीप अग्रवाल, नेमीहिंदू, विश्व हिंदू परिषद से महावीर सिंह, पार्षद रेणु अग्रवाल एवं अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान टीम स्वच्छता सेवादल कार्यकर्ता बबलू मीणा, अशोक शर्मा, केशव बंसल, नीरज ततारपुरिया, हेमंत मोरिजावाला, प्रमोद गुरुजी, दयाराम कुमावत, राहुल मंगल, पराग गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, रवि बालास्या, राहुल अग्रवाल, सुमित बिदाणी, गिरवर शर्मा, विशाल सोनी, हेमंत अग्रवाल, अमित सैनी, अभिषेक मोरिजावाला, मुनेश सैनी, दीपक शर्मा, पीयूष बंसल, अमित सैनी, पंकज बंसल, दीपक गोयल, मोहित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मोनू सैनी, महेन्द्र सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शाम्दा अलवर से प्रकाशित। मो. 9653906665, 7014373732